Do not Cut Here to Open! 789 Should appear on this edge of bag Do not Cut Here to Open! 789 Should appear on this edge of bag Do not Cut Here

प्रो. डी. के. सिंह
उप परीक्षा नियंत्रक
21/03/25

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

सेवा में,

1. रजिस्ट्रार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
2. रजिस्ट्रार, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
3. रजिस्ट्रार, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
4. प्राचार्य, जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान, वाराणसी।
5. प्राचार्य, उदय प्रताप महाविद्यालय, वाराणसी।

पत्रांकः 44047/स0क0/कोचिंग/प्रवेश परीक्षा/2024–25 दिनांक 21.03.2025

**विषयः** **समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क संचालित प्रदेश के 08 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु दिनांक 27.04.2025 को आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा का प्रचार–प्रसार कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या सी0–3158/स0क0/विकास/कोचिंग/संयुक्त प्रवेश परीक्षा/2024–25 दिनांक 18 फरवरी, 2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ावर्ग के रू0 06 लाख तक की आय के अभिभावकों के बालक/बालिकाओं को आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 प्रारम्भिक परीक्षा–2025–26 व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु कोचिंग संचालित किये जाने के लिये संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तिथि 27.04.2025 निर्धारित की गयी है। निःशुल्क कोचिंग संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 31.03.2025 तक भरे जा सकेंगे, ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी हेतु विद्यार्थी **www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in** पर लॉगिन कर सकते हैं। उपरोक्त परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रदेश में कुल 08 कोचिंग संस्थान स्थापित है, जिनमें आवासीय कोचिंग सुविधा एवं कैंटीन सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है। उत्तर प्रदेश सरकार की उक्त निःशुल्क योजना से प्रतिभावान मेधावी छात्र/छात्राओं को अधिकाधिक लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से प्रकाशित विज्ञापन की छायाप्रति सहित अन्य अभिलेख संलग्न कर आप सभी को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त अभिलेख/निःशुल्क प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की वेबसाइड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की इस विद्यार्थीपरक निःशुल्क योजना की जानकारी उपलब्ध करायी जा सके।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(एस0 राजलिंगम)**
जिलाधिकारी,
वाराणसी।

पृष्ठांकन संख्याः– / तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. उप निदेशक, समाज कल्याण, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, वाराणसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ समस्त महाविद्यालयों में उपरोक्तानुसार प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

this edge of bag. Do not Cut Here to Open! 789 Should appear on ...

## निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक C-3158 /स0क0/विकास/कोंचिग/संयुक्त प्रवेश परीक्षा/2024–25

लखनऊ: दिनांकः– 18 फरवरी, 2025

1– मण्डलीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक,
आगरा, अलीगढ़, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, लखनऊ एवं गोरखपुर।

2– जिला समाज कल्याण अधिकारी,
आगरा, अलीगढ़, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर एवं हापुड।

विषयः– समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु दिनांक 27.04.2025 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय पत्र संख्या 3047–48/स0क0/विकास/कोचिंग–संयुक्त प्रवेश परीक्षा/2024–25 दिनांक 11.02.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आनलाइन आमन्त्रित करने हेतु निःशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी है।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमन्त्रित करने हेतु विज्ञप्ति की सूचना एवं विज्ञापन विभिन्न विश्वविद्यालय/महाविद्यालय, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, जिलाधिकारी कार्यालय तथा अपने कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कराते हुए प्रवेश परीक्षा हेतु गत वर्ष में अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर जिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित करते हुए केन्द्र का चयन कर सूचना तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक- यथोक्त।

(कुमार प्रशान्त)
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपिः**–जिलाधिकारी, आगरा, अलीगढ़, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर एवं हापुड़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

न0स0
DSWO vns एवं अधीक्षक (कोचिंग केन्द्र) को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजें।

D.D. (S.K.)
07.03.25

(कुमार प्रशान्त)
निदेशक।

प्रेषक,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 3047-48/स0क0/विकास/कोचिंग संयुक्त प्रवेश परीक्षा/2024-25

लखनऊ, दिनांक : 11 फरवरी, 2025

विषय : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्ष 2025-26 हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

तत्क्रम में वर्ष 2025-26 में समस्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों के चयन हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् प्रस्तावित है:-

| क्र0सं0 | समाचार पत्र का नाम | विज्ञापन प्रकाशित होने का स्थान | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक जागरण | लखनऊ/प्रयागराज/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/अलीगढ़ | 17-02-2025 |
| 2 | हिन्दुस्तान | लखनऊ/प्रयागराज/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/अलीगढ़ | 17-02-2025 |
| 3 | राष्ट्रीय सहारा | लखनऊ/प्रयागराज/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/अलीगढ़ | 17-02-2025 |
| 4 | अमर उजाला | लखनऊ/प्रयागराज/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/अलीगढ़ | 17-02-2025 |
| 5 | The Times of India | लखनऊ/प्रयागराज/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/अलीगढ़ | 17-02-2025 |
| 6 | Indian Express | दिल्ली/उत्तर प्रदेश संस्करण | 17-02-2025 |
| 7 | The Hindu | दिल्ली/उत्तर प्रदेश संस्करण | 17-02-2025 |

संलग्नक : विज्ञप्ति की सी0डी0 एवं विज्ञप्ति 06 प्रतियों में।

भवदीय,

( कुमार प्रशान्त )
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन समाज कल्याण अनुभाग-3 को सूचनार्थ प्रेषित।

( कुमार प्रशान्त )
निदेशक।

<u>सूचना</u>

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 कार्यक्रम

### समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत संचालित परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्रों के लिये अभ्यर्थियों के चयन हेतु आयोजित की जाने वाले संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 का कैलेण्डर

### (आई0ए0एस0 परीक्षा–2025 एवं पी0सी0एस0 परीक्षा–2025 के कोचिंग सत्र हेतु)

| क्रमांक | विवरण | प्रस्तावित दिनांक |
|---|---|---|
| | निदेशक समाज कल्याण द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा से संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन | 17-02-2025 |
| 1 | ऑन लाइन आवेदन आरम्भ करने की तिथि | 25-02-2025 |
| 2 | ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 31-03-2025 |
| 3 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 15-04-2025 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 27-04-2025 |
| 5 | प्रवेश परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर प्रकाशित करने की अनुमानित तिथि | 15-05-2025 |
| 6 | कोचिंग सत्र संचालन की संभावित तिथि | 01-07-2025 |

ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 31-03-2025 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in पर लॉगइन करें।

( कुमार प्रशान्त )
निदेशक।

## समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्रों में माह–जुलाई 2025 से संचालित किये जाने वाले आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2025 के कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु सूचना/निर्देश।

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन वर्ग अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी हेतु निम्न परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जाते हैं, जिनमे अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ–साथ मेस, छात्रावास एवं पुस्तकालय की भी व्यवस्था उपलब्ध है।

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित निम्न कोचिंग केन्द्रों में आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2025 के पूर्व कोचिंग हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | कोचिंग केन्द्र का नाम | पुरूष /महिला अभ्यर्थी हेतु | सीट की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, लखनऊ। | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु। | 250 |
| 2 | आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला अभ्यर्थियों हेतु। | 150 |
| 3 | आई०ए०एस०/पी०सी०एस० कोचिंग सेन्टर, निजामपुर, हापुड़ | अनुसूचित जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु | 200 (पुरूष–120 + महिला–80) |
| 4 | संत रविदास आई०ए०एस०/पी०सी०एस० पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, वाराणसी। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 100 |
| 5 | डा० बी०आर० अम्बेडकर आई०ए०एस०/पी०सी०एस० पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, आगरा। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 100 |
| 6 | डा० बी०आर० अम्बेडकर आई०ए०एस०/पी०सी०एस० पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगढ़। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 100 |
| 7 | न्यायिक सेवा प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 50 |
| 8 | आई०ए०एस०/पी०सी०एस० पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, गोरखपुर | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 100 |

उपरोक्त कोचिंग केन्द्रों में माह **जुलाई 2025** से आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2025 की तैयारी हेतु कोचिंग सत्र संचालित किये जाने हैं। कोचिंग सत्रों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिये सामान्य दिशा–निर्देश निम्नवत हैं :–

**(1) प्रशिक्षण की अवधि–** प्रशिक्षण (कोचिंग) की अवधि 10 माह की निर्धारित है। कोचिंग सत्र माह **जुलाई 2025** से प्रारम्भ होगा।

**(2) अर्हता–**

(अ) कोचिंग में प्रवेश हेतु शैक्षिक, आयु संबंधी एवं अन्य आवश्यक अर्हतायें संबंधित परीक्षा के लिये संघ लोक सेवा आयोग/उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करना आवश्यक होगा।

(ब) उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी को निम्न अर्हतायें एवं शर्तें पूर्ण करना आवश्यक होगा –

क– उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो।

ख– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति' एवं 'अन्य पिछड़ा वर्ग का हो।

ग– अभ्यर्थी के माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रू० छः लाख वार्षिक से अधिक न हो।

घ– उपरोक्त समस्त केन्द्र आवासीय संस्था के रूप में संचालित हैं अतः अभ्यर्थी किसी अन्य शैक्षिक संस्थान में अध्ययनरत अथवा कहीं पर सेवारत न हो।

च– कोचिंग हेतु ऐसे अभ्यर्थी को अवसर प्राप्त होगा, जो पूर्व में एक बार विभागीय कोचिंग संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हों अथवा पहली बार आवेदन कर रहे हों।

छ– स्नातक उत्तीर्ण हों।

**<u>नोट–1</u> अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ (पुरूष हेतु) तथा आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ (महिलाओं हेतु) में ही है।**

**<u>नोट–2</u> महिला अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ तथा आई०ए०एस०/पी०सी०एस० कोचिंग केन्द्र, हापुड़ में ही उपलब्ध है।**

(3) अन्य आवश्यक शर्तें–

1– प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ऐसे अभ्यर्थी को अवसर प्राप्त होगा, जो पूर्व में एक बार विभागीय कोचिंग संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हो अथवा पहली बार आवेदन कर रहे हो।

2– पूर्व में यदि कोई अभ्यर्थी ने विभागीय कोचिंग संस्थाओं में पूर्व में 02 बार कोचिंग प्राप्त कर चुका है, तो ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नही होंगे।

3– यदि तथ्यों को छिपाकर कोई पूर्व छात्र/छात्रा प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होता है तथा मेरिट सूची में नाम आने पर भी संबंधित छात्र/छात्रा प्रवेश हेतु अनर्ह होगा।

4– यदि कोई पूर्व छात्र/छात्रा गलत तथ्यों के आधार पर कोचिंग में प्रवेश प्राप्त कर लेता है तो संज्ञान होते ही उसे संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा। साथ ही कोचिंग पर हुये समस्त व्यय की क्षतिपूर्ति उससे की जायेगी तथा कॉशनमनी जब्त करते हुये उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

5– कोचिंग सत्र की अवधि 10 माह की होगी, परन्तु लगातार 03 आंतरिक टेस्टों में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा।

6– प्रवेशित छात्र/छात्रा को संस्था की "छात्र आचार संहिता" एवं समस्त नियमों को पूर्ण से पालन करना होगा। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने, प्रार्थना पत्र स्वीकृत कराये बिना अवकाश पर जाने, कक्षाओं एवं टेस्टों से अनुपस्थित रहने की स्थिति में कॉशनमनी जब्त करते हुये संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा।

(4) प्रवेश का आधार– उपरोक्त कोचिंग केन्द्र में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिया जायेगा।

(5) परीक्षा कार्यक्रम

- विज्ञापन प्रकाशन – 17-02-2025
- अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र आनलाइन भरे जाने हेतु निर्धारित अवधि। – 25-02-2025 से 31-03-2025 तक
- आनलाइन प्रवेश–पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि – 15-04-2025
- लिखित परीक्षा की तिथि – दिनांक 27-04-2025 समय– पूर्वाह्न 10:00 – 12:00 बजे तक

नोट– प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये किसी प्रकार का भत्ता/यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

(6) आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का माध्यम– आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2025 के पूर्व कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु उपरोक्त पात्रता एवं शर्ते पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी दिनांक 31-03-2025 तक विभागीय वेबसाइट (www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 27-04-2025 समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक होगी।

(7) प्रवेश पत्र–डाउनलोड – अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 15-04-2025 को वेबसाइट (www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in) पर अपलोड कर दिये जायेगें, जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड करेंगे। इस डाउनलोडेड प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगें। अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र नही भेजे जायेंगे। प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को निर्धारित परीक्षा केन्द्र से इतर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी।

(8) प्रश्नपत्र का पाठ्यक्रम

प्रश्नपत्र में पूछे जाने वाले प्रश्न संबंधित परीक्षा के लिये संघ लोक सेवा आयोग/उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।

(9) प्रवेश परीक्षा की अवधि एवं स्वरूप

- प्रवेश परीक्षा दो घण्टे अर्थात 120 मिनट की होगी।
- प्रश्नपत्र हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में होगा।
- 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।
- प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।
- नकारात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) होगा।

(10) परीक्षाफल की घोषणा– परीक्षाफल दिनांक 15-05-2025 को विभागीय वेबसाइट (www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in) पर प्रदर्शित होना संभावित है।

(11) प्रवेश– प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु समस्त मूल अभिलेखों, आवेदन पत्र के प्रिन्ट एवं रू0 2000/– काशनमनी के साथ संबंधित कोचिंग केन्द्र (जहां के लिये चयन हुआ है) पर उपस्थित होगा। काउंसलिंग में समस्त मूल अभिलेखों की जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

(12) कोचिंग सत्र का प्रारम्भ– माह जुलाई 2025 से आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2025 हेतु कोचिंग सत्र संचालित किया जायेगा।

निदेशक
समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

**आई०ए०एस०(प्रा०)/पी०सी०एस० (प्रा०) परीक्षा–2025 की निःशुल्क कोचिंग हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिये तकनीकी एवं परिचालन संबंधी दिशा–निर्देश।**

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 के आवेदन प्रक्रिया के लिए सर्वप्रथम आवेदक वेबसाइट पर Step-1 में दिये गये दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ ले तथा दिये गये ब्लैंक (BLANK) प्रारूप फार्म का प्रिन्ट आउट ले लें एवं प्रिन्ट किये गये ब्लैंक फार्म पर अपने रिकार्ड के अनुसार सूचनाए सही–सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता से कम समय में फार्म भरा जा सके।

| |
|---|
| एक अभ्यर्थी केवल एक आवेदन–पत्र भर सकता है। |

| |
|---|
| ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियाँ अंग्रेजी भाषा में भरी जायेंगी। प्रविष्टियां भरने में स्पेशल करेक्टर (@,#,S, %, ^, &, *, 0, _,+, ., इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा। |

1. ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया तीन चरणों में विभाजित है–
   1. Step-1 सामान्य निर्देश, तकनीकी निर्देश, विज्ञप्ति, आवेदन/रजिस्ट्रेशन प्रपत्र को डाउनलोड कर उसका भली–भांति अध्ययन करें।
   2. Step-2 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना (अभ्यर्थी अपने रिकार्ड के आधार पर समस्त विवरण भरें)
   3. Step-3 पूर्ण आवेदन–पत्र का प्रिन्ट आउट निकालना।

स्टेप 2 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरना।

- रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदक वेबसाइट पर Step-2 में दी गयी समस्त प्रविष्टियाँ को सही–सही भरें।
- जिन सूचनाओं के आगे Select बॉक्स बना है, उनको भरा जाना अनिवार्य है। उसके बिना फार्म स्वीकार नहीं होगा।
- जिन सूचनाओं के आगे Select का बॉक्स बना है, उस बॉक्स को Click करने पर जो Option दिखायी दें, उनमें से एक का चयन करना है।
- क्रम संख्या–01 में उ०प्र० में निरन्तर 5 वर्ष से निवास का जनपद अंकित करें, काउंसलिंग के समय उ०प्र० में निवास का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- क्रम संख्या 10 में आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति/जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करने की दशा में किसी भी समय मांगे जाने पर सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- क्रम संख्या 11 में जाति प्रमाण पत्र की स्कैन कापी (JPG format अधिकतम 40 के०बी) में अपलोड करें। Choose File बटन के माध्यम से प्रमाण पत्र का (File) चयन करें तथा उसे अपलोड करें।
- क्रम संख्या 12 एवं 13 में वर्णित विकलांग–पत्र को परीक्षा के समय या किसी अन्य समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा तथा विकलांगता का प्रतिशत भरना होगा।
- क्रम संख्या 14 में माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय अंकित करना होगा तथा क्रम संख्या–15 में आय प्रमाण पत्र का क्रमांक भरना होगा।
- क्रम सं० 16 में राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार स्तर से कम न हो अथवा सेवायोजक अधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र (विज्ञापन की दिनांक से 03 वर्ष पूर्व तक का मान्य) की स्कैन कापी अथवा सेवायोजन अधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र की स्कैन कापी (JPG format अधिकतम 40 के०बी) में अपलोड करें।
- क्रम सं० 17 में अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता का विवरण अंकित करना होगा।
- क्रम सं० 18 में हाईस्कूल के सर्टिफिकेट की स्कैन कापी (JPG format अधिकतम 40 के०बी०) में अपलोड करें, जिसमें जन्मतिथि स्पष्ट वर्णित हो।
- क्रम सं० 19 में स्नातक की अंक तालिका की स्कैन कापी (JPG format अधिकतन 40 के०बी०) में अपलोड करें।
- क्रम सं० 20 व 21 में वर्णित फोटो पहचान–पत्र को परीक्षा के समय या किसी भी समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा तथा फोटो पहचान पत्र हेतु वर्णित विकल्पों में से किसी एक का चयन करते हुये इसकी आई०डी० संख्या अंकित की जायेगी।
- क्रम सं० 22 में कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपनी एक फोटो की फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज अधिकतम (JPG format अधिकतम 40 के०बी) हो ( 40 के०बी० से अधिक साइज एवं अन्य फारमेट का फोटो अपलोड नही होगा)। Browse File बटन के माध्यम से फोटो का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।
- क्रम सं० 23 में आवेदक उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुये अपना हस्ताक्षर अपलोड करें।
- क्रम सं० 24 में परीक्षा का नाम जिसके लिये कोचिंग चाहते है, का नाम अंकित करें।

- क्रम सं0 25 अभ्यर्थी जिस जनपद में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है, उस जनपद का चयन करें, जिससे यथा सम्भव उसे उसी जनपद में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सके।
- क्रम सं0 26 कोचिंग केन्द्र का नाम, जहॉ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।
- क्रम सं0 27 द्वितीय वरीयता के कोचिंग केन्द्र का नाम, जहॉ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।
- क्रम सं0 28 तृतीय वरीयता के कोचिंग केन्द्र का नाम, जहॉ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।

**स्टेप-3** छात्र के पास आवेदन पत्र भरने मे हुई किसी त्रुटि को संशोधित करने का विकल्प होगा।

**स्टेप-4** पूर्ण आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकालना।

- आवेदन पत्र के सभी कॉलम में प्रविष्टियॉ अंकित करने के पश्चात वेबसाइट पर दिये गये स्टेप-4 का प्रयोग करते हुये ऑनलाइन फार्म पर अपनी रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्म तिथि।
- auto generated code को टाइप करें, तदुपरान्त submit Button पर क्लिक करें।
- तत्पश्चात आवेदक का आवेदन-पत्र प्रदर्शित होगा। आवेदन का प्रिन्ट आउट अवश्य निकालकर अपने पास सुरक्षित रखें, जिसे समस्त मूल अभिलेखों के साथ काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा। इस प्रकार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।

निदेशक

समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।